are being made by them to increase the hotel business through banquet-ting and also curbing the prevailing malpractices in ITDC hotels while billing banquet services?

THE MINISTER OF CIVIL A VIA TION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) Banquet services are available in all the 26 hotels of ITDC. The capacity of ban-quetpparty rooms in these hotels ranges from 18 to 3000.

(b) The requisite information is given in Annexure. [See Appendix CLXVII. Annexure No. 20].

(c) and (d) ITDC has been follow ing the system of billing of banquet services in its hotels as per trade practices.

Improvement of service in the banquet parties is a continuous process. The steps taken by ITDC in this regard include introduction of power and innovative services like holding them parties, food festivals, improving services standards, renovating banquet hall etc.

मध्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना

1548. श्री अजीत जोगी :
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या नागर विमान और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में अनेक पर्यटकों की रूचि के स्थलों में विदेशों से, विशेषकर दक्षिण पूर्व और सुदूर पूर्व देशों से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने की संभावनायें हैं ;

(ख) यदि हां, तो इन पर्यटक स्थलों के विकास हेतु क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का विचार है ; और

(ग) पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मध्य प्रदेश तथा अन्य राज्यों में, समग्र रूप मे क्या नए कदम उठाये जा रहे हैं ?

नागर विमानन और पयटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) मध्य प्रदेश में पर्यटन का विकास और सवर्धन करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान 559.20 लाख रूपयों की 37 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं । राष्ट्रीय कार्य योजना के अन्तर्गत भी गहन विकास के लिए दो परिपथ और एक तीर्थ केन्द्र अभिनिर्धारित किया गया है ।

नए विमानों का आयात

1549. श्री सोमपाल :
श्री शारदा महन्ती :
डा० नरसिंहाराव सिंह :
श्री राम गोपाल यादव :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार अपने विमान बेड़े के लिए शीघ्र ही नए विमानों का आयात करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो इस विषय पर कब से विचार किया जा रहा है और कब तक इस संबंध में अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा ;

(ग) क्या इन विमानों को खरीदने से पूर्व उसकी उपयोगिता की जांच के लिए गठित समिति में केवल उनके मंत्रालय विभाग के ही अधिकारी होंगे या अन्य विशषज्ञों को भी उक्त समिति में शामिल किया जाएगा ; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) सरकार ने एयर इंडिया द्वारा 2333 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से चार बोइंग 747–400 विमान लेने का अनुमोदन कर दिया है । इनमें से तीन विमानों की डिलीवरी 1993 में और एक की 1994 में की जाएगी ।